विकसित भारत अभियान 1947 TO 2047

आज़ादी का अमृत महोत्सव

YEARS 1922-2022

इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान

(दिल्ली विश्वविद्यालय), बी-ब्लॉक, विकासपुरी, नई दिल्ली - 110018
ईमेल: principal@igipess.du.ac.in: वेबसाइट: www.igipess.du.ac.in

संदर्भ संख्या: आईपीई/2024/रा0भा0/355 दिनांक:18/07/2024

कार्यालय आदेश

समस्त शैक्षिक एवं गैर शैक्षणिक वर्ग को सूचित किया जाता है कि संसदीय राजभाषा समिति द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुपालन एवं निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु यह आवश्यक है कि संस्थान की सभी अध्यापकगण एवं कर्मचारी शासकीय कार्यों में शत प्रतिशत हिंदी भाषा का प्रयोग करें। संस्थान की वर्तमान स्थिति के आधार पर अपना संस्थान "क" क्षेत्र के अंतर्गत आता है और "क" क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शैक्षणिक संस्थाओं के लिए अपना समस्त प्रशासनिक कार्य शत प्रतिशत हिंदी भाषा में सुनिश्चित करना अनिवार्य है। हिंदी भाषा में शासकीय कार्यों को सुगम बनाने के लिए संस्थान के पुस्तकालय में प्रशासनिक शब्दावली की हिंदी प्रतिलिपि उपलब्ध है।

अतः संस्थान में कार्यरत सभी सदस्यों को निर्देशित किया जाता है कि प्रशासनिक कार्यों में शत प्रतिशत हिंदी भाषा का प्रयोग करें। यदि आवश्यक हो तो कार्य द्विभाषी में किया जा सकता है लेकिन प्रशासनिक कार्यों में केवल अंग्रेजी भाषा का इस्तेमाल स्वीकार्य नहीं है।

इस अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य में आप सभी का सहयोग अपेक्षित है।

अधोहस्ताक्षरी/-
प्रो.संदीप तिवारी
प्राचार्य (कार्यवाहक)

प्रतिलिपि:

1. हिंदी राजभाषा कार्यान्वयन समिति
2. प्रशासनिक अधिकारी
3. अनुभाग अधिकारी(प्रशा),
4. अनुभाग अधिकारी,(लेखा)
5. वरिष्ठ तकनीकी सहायक (कंप्यूटर) -वेबसाइट पर अपलोड करने के हेतु
6. कार्यालय फाइल
7. आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन समिति फाइल

संदीप तिवारी

प्रो.संदीप तिवारी
प्राचार्य (कार्यवाहक)